## एन डी आई एस आयोग की शुरुआत कब हुई?

एन डी आई एस आयोग की शुरुआत:



**1 जुलाई 2018**
को न्यू साउथ वेल्स और साउथ ऑस्ट्रेलिया में



**1 जुलाई 2019**
को ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टैरिटरी, नॉर्दर्न टेरीटरी, क्वींसलैंड, तस्मानिया और विक्टोरिया में



**1 दिसंबर 2020**
को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में

एन डी आई एस आयोग के प्रत्येक राज्य या क्षेत्र में शुरू होने से पहले, एन डी आई एस प्रतिभागी, प्रदाता और कार्यकर्त्ता अपने राज्य या क्षेत्र की मौजूदा गुणवत्ता और सुरक्षा प्रणालियों (quality and safeguards systems) के अंतर्गत आते थे।

**हमारा अनुसरण करें**

www.facebook.com/NDISCommission
www.linkedin.com/company/ndiscommission



## हमसे संपर्क करें

ईमेल: contactcentre@ndiscommission.gov.au
कॉल: 1800 035 544

## और अधिक जानें

एन डी आई एस कमीशन के बारे में अधिक जानकारी, प्रदाताओं और प्रतिभागियों के लिए संसाधन समेत, www.ndiscommission.gov.au स्थित एन डी आई एस कमीशन वेबसाइट पर उपलब्ध है

0190522 NDIS Commission DL

NDIS Quality and Safeguards Commission

# एन डी आई एस गुणवत्ता और बचाव कमीशन के बारे में




December 2020

# एन डी आई एस में गुणवत्ता और बचाव के प्रति राष्ट्रीय दृष्टिकोण

एन डी आई एस गुणवत्ता और बचाव कमीशन (एन डीआई एस कमीशन) एक स्वतंत्र सरकारी संस्था है जो एन डी आई एस सेवाओं और सहायता की गुणवत्ता और सुरक्षा को बेहतर बनाने, समस्याओं की जांच-पड़ताल और समाधान करने तथा प्रदाताओं और प्रतिभागियों के कौशल और ज्ञान सशक्त करने का काम करती है।

एन डी आई एस आयोग, NDIS में गुणवत्ता और सुरक्षा उपायों के लिए राष्ट्रीय रूप से सुसंगत दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह प्रदाताओं, विकलांगों और उनके देखभालकर्ताओं, परिवारों और इसे प्राप्त करने के लिए अधिवक्ताओं के साथ काम करता है।

## एन डी आई एस कमीशन किस चीज़ के लिए उत्तरदायी है?

एन डी आई एस कमीशन:

- एन डी आई एस प्रदाताओं को पंजीकृत और नियंत्रित करता है तथा प्रदाता की गुणवत्ता पर नज़र रखता है
- एन डी आई एस कार्यप्रणाली मानकों और एन डी आई एस आचार संहिता के अनुपालन की निगरानी करता है
- चिंताओं, शिकायतों और रिपोर्ट करने योग्य घटनाओं पर प्रतिक्रिया देता है
- प्रदाताओं को आंतरिक शिकायत प्रबंधन और प्रतिभागियों को शिकायत करने के बारे मत करने के बारे में सलाह देता है
- प्रदाताओं को घटना प्रबंधन प्रणालियों और इस बात पर सलाह देता है कि एन डी आई एस कमीशन को गंभीर घटनाओं की रिपोर्ट कैसे करें
- अक्षम लोगों, एन डी आई एस प्रदाताओं और कामगारों के कौशल और ज्ञान को सुधारने के लिए उनके साथ काम करता है
- प्रतिबंधात्मक कार्यप्रणालियों के उपयोग की निगरानी करता है और प्रदाताओं और प्रतिभागियों को आचरण समर्थन रणनीतियों के बारे में शिक्षित करता है
- राष्ट्रीय रूप से समान एन डी आई एस कार्यकर्ता स्क्रीनिंग तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए स्टेट्स और टेरीटरीज़ के साथ काम करता है
- ध्यान देने की ज़रुरत वाले बाजार में परिवर्तनों की निगरानी करके बाजार को चौकसी प्रदान करता है
- अन्य नियामक संस्थाओं के साथ जानकारी साझा करता है।



## एन डी आई एस कमीशन प्रतिभागियों के लिए क्या करता है?



**आपको सुरक्षित महसूस करने और अच्छी गुणवत्ता वाली सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार होता है।**

इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कहाँ रहते हैं, आप गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित सेवाओं की उम्मीद कर पाएंगे।

**हम सुनिश्चित करते हैं कि प्रदाता और कामगार गुणवत्ता और सुरक्षा के नियमों को जानते हैं और उनका पालन करते हैं।**

प्रदाताओं और कामगारों के लिए एन डी आई एस आचार संहिता और एन डी आई एस कार्य प्रणाली मानक एन डी आई एस में सेवाओं और सहायता की गुणवत्ता और सुरक्षा के स्पष्ट और लागू करने योग्य मानक प्रदान करते हैं।

**यदि आप असुरक्षित महसूस करते हैं या अपनी सेवाओं से खुश नहीं हैं तो हम आपको शिकायत करने में सहायता कर सकते हैं। आवाज उठाना हमेशा बढ़िया होता है।**

अक्षम लोग, या कोई भी अन्य व्यक्ति, एन डी आई एस कमीशन को एन डी आई एस सेवाओं और सहायता के बारे में शिकायत कर सकते हैं।

सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता है और उनका आकलन किया जाता है। एन डी आई एस कमीशन समस्याओं का समाधान करने के लिए और एन डी आई एस सहायता की गुणवत्ता और सुरक्षा को बेहतर करने के लिए प्रतिभागियों, प्रदाताओं और कामगारों के साथ काम करता है।

यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं कि किससे संपर्क करें, तो एन डी आई एस कमीशन आपको सही संगठन से संपर्क करने में मदद करेगा।

## एन डी आई एस कमीशन प्रदाताओं और कामगारों के लिए क्या करता है?

**हम ऑस्ट्रेलियाव्यापी एन डी आई एस प्रदाताओं के लिए एक अधिनियम और पंजीकरण का प्रबंध करते हैं।**

एन डी आई एस आयोग, NDIS प्रदाताओं को एक एकल, राष्ट्रीय पंजीकरण और नियामक प्रणाली प्रदान करता है, जो पूरे ऑस्ट्रेलिया में गुणवत्ता और सुरक्षा उपायों के लिए एक सुसंगत दृष्टिकोण निर्धारित करती है।

**हम अधिनियमों को अनुपात में लागू करते हैं, सबसे गंभीर उल्लंघनों के लिए सबसे सख़्त कार्रवाई की जाती है।**

**एन डी आई एस गुणवत्ता और बचाव नियम, गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए आवश्यकताएँ तय करता है।**

सभी एन डी आई एस प्रदाताओं और कामगारों को एन डी आई एस आचार संहिता का पालन करना चाहिए, जो आचरण, संस्कृति और सेवा वितरण के लिए अपेक्षाएँ तय करती है।

एन डी आई एस कमीशन के साथ पंजीकृत होने वाले प्रदाताओं को एन डी आई एस कार्य प्रणाली मानकों का पालन करना चाहिए, जिसमें उनके द्वारा डिलीवर की जाने वाली सेवाओं और सहायता की गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए अपेक्षाएं शामिल हैं।

एन डी आई एस कमीशन की गुणवत्ता और बचाव प्रणाली में शिकायत प्रबंधन, घटना प्रबंधन, कामगार स्क्रीनिंग, आचरण सहायता और प्रतिबंधात्मक कार्य प्रणालियों के उपयोग के लिए भी आवश्यकताएं शामिल हैं। यह प्रदाताओं के साथ काम करता है और उन्हें उनकी बाध्यताएं समझने में मदद करने के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करता है।

जहाँ प्रदाता या कामगार अपनी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं, एन डी आई एस कमीशन शिक्षा प्रद, सुधारात्मक या प्रवर्तन कार्यवाही कर सकता है।